RAF SECTOR

NEWS CLIP

13/03/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Jagat Kranti, Jaipur,(RAJ)

रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने किया चरित्र निर्माण विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

जगत क्रान्ति

जयपुर। जयपुर में आमेर के लालवास गांव स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की ओर से चरित्र निर्माण विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के मार्गदर्शन मे 83 बटालियन आरसीडब्ल्यूए अध्यक्षा जागृति सिंह के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आरसीडब्ल्यूए अध्यक्षा जागृति सिंह ने समारोह में उपस्थित मुख्य वक्ता के तौर पर आमंत्रित प्रजापिता ब्रहमा ईश्वरीय विद्यापीठ की ब्रहमकुमारीयों और सभी महिलाओं का अभिनंदन किया। सभी के साथ चरित्र निर्माण विषय पर अपने विचार साझा किये। आरसीडब्ल्यूए के तत्वावधान में ह्लचरित्र निर्माणङ्क विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर आमंत्रित प्रजापिता ब्रहमा ईश्वरीय विद्यापीठ की ब्रहमकुमारीयों ने चरित्र निर्माण का व्यक्तित्व और समाज के विकास में महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही चरित्र निर्माण के तरीकों के बारे में बताया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए देश के स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं का योगदान विषय पर भाषण और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को ट्रॉफी भेंट की गई। प्रतियोगिताओं भाग लेने वाले बच्चों को भी पारितोषिक दिया गया। कार्यक्रम में कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह ने बच्चों को अभिव्यक्ति की क्षमता को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह, आरसीडब्ल्यूए अध्यक्षा जागृति सिंह, प्रजापिता ब्रहमा ईश्वरीय विद्यापीठ की ब्रहमकुमारीयां, रैपिड एक्शन फोर्स के अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

Jagat Kranti, Jaipur,(RAJ)

स्कूल विदाई समारोह में सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह रहे मुख्य अतिथि

जगत क्रान्ति

जयपुर। जयपुर के जमवारामगढ़ रोड पर पंकज सीनियर सेकेंडरी स्कूल नीमडिया में विदाई समारोह का आयोजित किया गया। सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह समारोह के मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में असिस्टेंट कमांडेंट श्रवण लाल मीणा, सायपुरा ग्राम पंचायत सरपंच रूपेश कुमार शर्मा ने भाग लिया। विद्यालय के निदेशक बाबूलाल गुर्जर ने अतिथियों का स्वागत किया। विदा हो रहे बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। समारोह के मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार सिंह ने बच्चों और विद्यालय अध्यापकों को शिक्षा के क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह ने अध्यापक और विद्यार्थियों को सम्मानित किया। समारोह में विद्यालय के एमडी पंकज पटेल, वाइस प्रिंसिपल आरके स्वामी, अध्यापक प्रमोद मीणा, भैरू राम गुर्जर, पिंटू कुमार वर्मा, अजय पाल गुर्जर, सुमन शर्मा, ममता, किटटू, कविता, पिंकी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

A PROGRAM ON CHARACTER BUILDING WAS ORGANIZED BY 83BN RAF JAIPUR, RAJASTHAN.

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।